जापानी सहयोग से पूरा होगा वर्सोवा-विरार समुद्री लिंक

देवेंद्र फडणवीस ने की जापान के वित्त मंत्री से मुलाकात

मुंबई। पांच दिवसीय जापान दौरे पर गए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को जापान के वित्त, व्यापार और उद्योग मंत्री यासुतोशी निशिमुरा से मुलाकात की। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, मेट्रो 3 परियोजनाओं की दिक्कत दूर करने के लिए उन्होंने उपमुख्यमंत्री का आभार माना और वर्सोवा-विरार सी लिंक के लिए सभी सहयोग का आश्वासन दिया। फडणवीस की जापान यात्रा का गुरुवार को चौथा दिन है।

इस अवसर पर जापान के वित्त, व्यापार और उद्योग मंत्री यासुतोशी निशिमुरा ने कहा कि जापान जी-7 का नेतृत्व कर रहा है और भारत जी-20 का नेतृत्व कर रहा है, इसलिए ये दोनों देश वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जापानी सरकार लगातार नए शोध को बढ़ावा दे रही है और एमएसएमई को सहयोग दे रही है। उन्होंने वर्सोवा-विरार समुद्री लिंक के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र उद्योगों का पावर हाउस है। लगभग 750 जापानी कंपनियां महाराष्ट्र में हैं। अब महाराष्ट्र में सिंगल विंडो अनुमति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बुलेट ट्रेन को लेकर सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं और काम काफी तेजी से चल रहा है। फडणवीस ने निशिमुरा को मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक परियोजना के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया।